# श्याम नारी जो बन जाओगे | By Babita Sharma

श्याम एक बार नारी जो बन जाओगे
दु:ख ये राधा का क्या है समझ जाओगे

इश्क़ मेरा कन्हैया से मशहूर है
शर्त उसकी सभी मुझको मंज़ूर है
आंसुओं में अगर तुम भी घुल जाओगे
दु:ख ये राधा का क्या है समझ जाओगे

लोग रुस्वा करेंगे अगर प्यार में
मैं भी कह दूंगी दिल खो गया यार में
दुनिया वालों के ताने जो सह जाओगे
दु:ख ये राधा का क्या है समझ जाओगे

मेरी दीवानगी को ना रुस्वा करो
श्याम की मैं दीवानी ना मुझपे हंसो
उसके रंग में अगर तुम भी रंग जाओगे
दु:ख ये राधा का क्या है समझ जाओगे

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%b6%e0%a5%8d%e0%a4%af%e0%a4%be%e0%a4%ae-%e0%a4%a8%e0%a4%be%e0%a4%b0%e0%a5%80-%e0%a4%9c%e0%a5%8b-%e0%a4%ac%e0%a4%a8-%e0%a4%9c%e0%a4%be%e0%a4%93%e0%a4%97%e0%a5%87-by-babita-sharma/